भारत सरकार
उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 2379
उत्तर देने की तारीख 18 दिसंबर, 2023 (सोमवार)
27 अग्रहायण, 1945 (शक)

प्रश्न

मेघालय में उत्तर-पूर्व विशेष अवसंरचना विकास योजना

2379. कुमारी अगाथा के. संगमाः

क्या **उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 की अवधि के लिए उत्तर-पूर्व विशेष अवसंरचना विकास योजना (एनईएसआईडीएस) के अंतर्गत मेघालय को कोई विशेष योजना दी गई है?

उत्तर

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री
(श्री बी. एल. वर्मा)

उत्तर पूर्व विशेष अवसंरचना विकास स्कीम (एनईएसआईडीएस) के तहत उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय मेघालय सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र में विभिन्न अवसंरचना परियोजनाओं की सहायता करता है। मंत्रालय वर्ष 2017-18 से एनईएसआईडीएस का कार्यान्वयन कर रहा है। इस स्कीम को दो घटकों नामतः एनईएसआईडीएस (सड़कें) और एनईएसआईडीएस (सड़क अवसंरचना के अलावा या संक्षेप में ओटीआरआई) में विभाजित किया गया है। एनईएसआईडीएस (सड़कों) के तहत मंत्रालय ने वर्ष 2022-23 के दौरान 87.65 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ मेघालय हेतु दो परियोजनाओं नामतः (i) शिलांग सिटी से उमरोई हवाई अड्डा सड़क और (ii) अगिया मेधीपारा फुलबारी तुरा रोड को स्वीकृति दी है। एनईएसआईडीएस (ओटीआरआई) के तहत मंत्रालय ने मेघालय राज्य के लिए वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 97.77 करोड़ रुपये की स्वीकृत राशि के साथ तुरा शहर के निकटवर्ती ग्रामीण गांव में बल्क वॉटर सप्लाई नामक एक परियोजना को स्वीकृति दी है।

*****